## प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 20.04.2025 (दोपहर–1455 बजे)

*****************

रांची में आज भारतीय वायु सेना के एयर शो का दूसरा और आखिरी दिन रहा। इस दौरान भारतीय वायुसेना ने अपना शौर्य और पराक्रम आसमान में दिखाया। नामकुम के खोजाटोली स्थित आर्मी ग्राउंड में सूर्यकिरण एयरोबेटिक्स टीम ने एयर शो किया। वायुसेना के पायलटों ने हॉक विमानों से करीब एक घंटे तक आसमान में कई तरह के हैरत अंगेज करतब दिखाए और आकृतियां बनाई। इस प्रदर्शन से लोग रोमांचित हो उठे।

*****************

झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद–जेसीइसीइबी की ओर से झारखंड कंबाइंड प्रवेश परीक्षा–2025 के लिए आज से ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गया है। 20 मई तक आवेदन जमा होगा। प्रवेश परीक्षा 15 जून को रांची और दुमका जिला मुख्यालय के केंद्रों पर आयोजित होगी। यह प्रवेश परीक्षा शैक्षणिक वर्ष 2025–26 में बैचलर ऑफ वेटनरी साइंस, एनिमल हसबैंड्री, बीएससी कृषि, बीएससी वानिकी, बीटेक– डेयरी प्रौद्योगिकी, स्नातक मत्स्य विज्ञान, बीटेक कृषि अभियांत्रिकी और बीएससी बागवानी पाठक्रमों में नामांकन के लिए आयोजित की जा रही है। झारखंड कंबाइंड प्रवेश परीक्षा में शामिल होने को इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत जानकारी के लिए पर्षद की वेबसाइट देख सकते हैं।

*****************

जमशेदपुर के डीएवी पब्लिक स्कूल, कदमा के 12वीं के छात्र आर्यन मिश्र ने जेईई मेन 2025 में 99.99 परसेंटाइल स्कोर कर झारखंड टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। ऑल इंडिया रैंकिंग में आर्यन को 40वां स्थान मिला है। आर्यन ने बताया कि उनका लक्ष्य आईआईटी में कंप्यूटर साइंस में बीटेक करना और आगे चलकर वैज्ञानिक बनना है।

*****************

सिमडेगा के नगर भवन में पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत जिला स्तरीय व्यंजन निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। आंगनबाड़ी केंद्र की सहायिकाओं ने स्थानीय खाद्य पदार्थों से बने पोषक व्यंजन प्रस्तुत किए, जिसे उपायुक्त अजय कुमार सिंह और अन्य अधिकारियों ने सराहा। समाज कल्याण पदाधिकारी सूरजमुनि कुमारी ने पौष्टिक आहार की नियमित आपूर्ति पर जोर देते हुए प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

*****************

झारखंड हाईकोर्ट ने शपथ पत्र और प्रति शपथपत्र दाखिल नहीं करने पर राज्य सरकार, नेशनल काउंसिल फॉर टीचर एजुकेशन (एनसीटीई) सहित अन्य पर 10–10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। हाईकोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की अदालत ने कल सुनवाई करते हुए यह जुर्माना लगाया। जुर्माना की राशि वैसे दोषी अधिकारियों से वसूलने का निर्देश दिया गया है, जिन्होंने कोर्ट द्वारा समय देने के बावजूद शपथ पत्र की प्रति दाखिल नहीं की।

*****************

दुमका जिले में एक सप्ताह में अच्छी बारिश हुई है। इससे किसान मक्के की खेती की तैयारी में जुड़ गए हैं। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*****************

आज देशभर में ईस्टर का पर्व मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने लोगों को ईस्टर की शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि यह त्योहार निस्वार्थ प्रेम और सेवा का संदेश देता है। उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि ईस्टर आशा और नएपन का प्रतीक है।

झारखंड में यह त्योहार धार्मिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सभी ईसाई धर्मावलंबियों को ईस्टर की बधाई दी है।

*****************

मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार आज राज्य के दक्षिणी और उत्तर–पूर्वी भागों में कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ तेज़ हवा चलने की संभावना है। साथ ही राजधानी रांची सहित कई हिस्सों में आंशिक बादल छाए रह सकते हैं। कल से 24 अप्रैल तक राज्य के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क और साफ रहेगा।

*****************

आईपीएल ट्वेंटी–ट्वेंटी क्रिकेट में आज दोपहर पंजाब किंग्स का मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। यह मैच दोपहर साढ़े तीन बजे चंडीगढ में शुरू होगा। एक अन्य मैच में, मुंबई इंडियंस का सामना आज शाम चेन्नई सुपर किंग्स से होगा। यह मैच शाम साढ़े सात बजे से मुंबई में खेला जाएगा।

*****************